03 सितम्बर 2017: आई0आई0ए0 लखनऊ चैप्टर की बैठक लखनऊ गोल्फ क्लब में सम्पन्न हुई। बैठक में दिनांक 08.09.2017 को आयोजित होने वाले राज्य स्तर के विक्रेता विकास कार्यक्रम पर चर्चा, दूसरी विद स्पाउस मीटिंग पर विचार–विमर्श, अन्य मामलों पर विचार–विमर्श किया गया।

08 सितम्बर 2017: एमएसएमई डीआई कानपुर एवं माडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली का आई0आई0ए0 लखनऊ चैप्टर के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे विकास आयुक्त (एमएसएमई) भारत सरकार एवं माडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली तथा आई0आई0ए0 लखनऊ चैप्टर द्वारा वेण्डर विकास कार्यक्रम का आयोजन आई0आई0ए0 भवन लखनऊ मे किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप मे राजेश कुमार डिप्टी डायरेक्टर (एमएसएमई) डीआई, कानपुर ने भाग लिया। माडर्न कोच फैक्ट्री के डायरेक्टर योगेश कुमार सी0एम0एम0/सेल योगेश कुमार एवं उनकी टीम ने भाग लिया ।

कार्यक्रम मे माडर्न कोच फैक्ट्री में उपयोग होने वाली सामग्री एवं प्रक्रिया, वेण्डर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी हेतु पब्लिक प्रक्योरमेन्ट पॉलिसी, स्थानीय/अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी मे भाग लेने हेतु सब्सिडी तथा एमएसएमई की अन्य योजनाओं व जीएसटी पर विस्तृत परिचर्चा की गयी।

कार्यक्रम मे आई0आई0ए0 लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन सूर्य प्रकाश हवेलिया, वाइस चेयरमैन एम0के0 अग्रवाल, सेक्रेटरी मोहित सूरी, ट्रेजरर विकास खन्ना, ज्वाइंट सेक्रेटरी के साथ–साथ लगभग सौ से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया।